समाचार

सामुदायिक व सामाजिक भवनों के निर्माण से सभी समाज के लोगों को मिलता है लाभ—राजस्व मंत्री

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड क्र. 57 सुराकछार में किया सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन)

कोरबा 10 जुलाई 2021 —प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा कि सामुदायिक व सामाजिक भवनों के निर्माण से सभी समाज के लोगों को लाभ मिलता है तथा उन्हें अपनें सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक व सार्वजनिक कार्यक्रमों हेतु एक सर्वसुविधायुक्त स्थान प्राप्त हो जाता है। उन्होने आगे कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि कोरबा में एक ओर जहां सभी समाजों के लिए उनके अपने सामाजिक भवनों का निर्माण कराया गया है, वहीं दूसरी ओर लगभग सभी वार्ड एवं बस्तियों में सामुदायिक भवन बनाए गए हैं।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने निगम के वार्ड क्र. 57 सुराकछार में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 57 सुराकछार बाजार के पास 15 लाख 90 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 57 सुराकछार बाजार के पास 05 लाख 93 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त शौचालय एवं यूरिनल का निर्माण किया जाना है। आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त दोनों विकास कार्यो का भूमिपूजन किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी तथा मेयर इन काउंसिल सदस्यगण व पार्षद एवं एल्डरमेनगण उपस्थित थे। इस अवसर पर दिए गए उद्बोधन में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि निगम द्वारा सभी वार्डो में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा वर्तमान में 10 करोड़ रूपये की स्वीकृति विकास कार्यो हेतु दी गई है, इस राशि से निगम के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य होंगे, जिनकी निविदा आदि की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होने कहा कि नगर निगम द्वारा पेयजल, निःशुल्क नल कनेक्शन, सड़क, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर व्यापक पैमाने पर कार्य किए गए हैं तथा आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होने कहा कि आगे आने वाले समय में जल्द ही कोरबा चिकित्सा सुविधा व शिक्षा

संबंधी सुविधाओं में आत्मनिर्भर होगा तथा हमारा कोरबा शहर इस क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं रहेगा। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने उक्त निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन के लिए जमीन का दान करने वाले सम्पत लाल अग्रवाल परिवार की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

कोरबा के विकास हेतु राजस्व मंत्री का लगातार मार्गदर्शन– कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें गर्व है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जैसे नेता, मार्गदर्शक हमें मिले है, उनकी छबि विकास पुरूष के रूप में अंकित हो रही है, कोरबा के विकास के लिए राजस्व मंत्री जी का लगातार मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा है। उन्होने आगे कहा कि निगम के सभी 67 वार्डो में विकास कार्य कराने हेतु राजस्व मंत्री जी द्वारा लगातार निर्देश दिए जा रहे है, धनराशि की व्यवस्था उन्हें के द्वारा कराई जा रही है, इसके पहले पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में ही कोरबा का ऐतिहासिक विकास हुआ, हजारों की संख्या में विकास कार्य कराए गए, जिनकी गति आज भी जारी है।

सभी समाज के लिए लगातार कार्य कर रहे राजस्व मंत्री– इस अवसर पर अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष श्री श्रीकांत बुधिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल सभी समाज के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं, कोरबा में आज लगभग सभी समाज के सामाजिक भवन बन चुके हैं, सभी समाजों के साथ–साथ उन्होने अग्रवाल समाज के लिए भी कार्य किया है, जिसके लिए मैं समाज की ओर धन्यवाद देता हूँ। श्री बुधिया ने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कभी भी किसी के साथ भेदभाव व पक्षपात नहीं किया, क्षेत्र की समस्त जनता उनकी अपनी है तथा सभी को अपने परिवार के रूप में मानते हैं, सभी की सहायता करते हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी एवं अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, संतोष राठौर, सुरती कुलदीप, पार्षद बसंत चन्द्रा, एल्डरमेन एस.मूर्ति, गीता गभेल व परमानंद सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र पालीवाल, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सनीश कुमार, अग्रवाल सभा सुराकछार के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, पंचकुंवर पटेल, लखनलाल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, शालिनी गभेल, पूजा महंत, संजय अग्रवाल, जयश्री अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, मनीष कुमार, मुकेश कुमार, शंकर अग्रवाल, संध्या अग्रवाल आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)